# गणित

(www.tiwariacademy.com)
(अध्याय – 10)(वृत्त)
(कक्षा – 9)

## प्रश्नावली 10.1

**प्रश्न 1:**
खाली स्थान भरिए:
**(i)** वृत्त का केंद्र वृत्त के ___________ में स्थित है (बहिर्भाग/अभ्यंतर)।
**(ii)** एक बिंदु, जिसकी वृत्त के केंद्र से दूरी त्रिज्या से अधिक हो, वृत्त के _________ में स्थित होता है (बहिर्भाग/अभ्यंतर) ।
**(iii)** वृत्त की सबसे बड़ी जीवा वृत्त का ___________ होता है।
**(iv)** एक चाप ___________ होता है, जब इसके सिरे एक व्यास के सिरे हों।
**(v)** वृत्तखंड एक चाप तथा ___________ के बीच का भाग होता है।
**(vi)** एक वृत्त, जिस ताल पर स्थित है, उसे ___________ भागों में विभाजित करता है।

**उत्तर 1:**
**(i)** वृत्त का केंद्र वृत्त के अभ्यंतर में स्थित है (बहिर्भाग/अभ्यंतर)।

**(ii)** एक बिंदु, जिसकी वृत्त के केंद्र से दूरी त्रिज्या से अधिक हो, वृत्त के बहिर्भाग में स्थित होता है (बहिर्भाग/अभ्यंतर)।

**(iii)** वृत्त की सबसे बड़ी जीवा वृत्त का व्यास होता है।

**(iv)** एक चाप अर्धवृत्त होता है, जब इसके सिरे एक व्यास के सिरे हों।

**(v)** वृत्तखंड एक चाप तथा जीवा के बीच का भाग होता है।

**(vi)** एक वृत्त, जिस ताल पर स्थित है, उसे तीन भागों में विभाजित करता है।

**प्रश्न 2:**
लिखिए, सत्य या असत्य। अपने उत्तर के कारण दीजिए।
**(i)** केंद्र को वृत्त पर किसी बिंदु से मिलाने वाला रेखाखंड वृत्त की त्रिज्या होती है।
**(ii)** एक वृत्त में समान लंबाई की परिमित जीवाएँ होती हैं।
**(iii)** यदि एक वृत्त को तीन बराबर चापों में बाँट दिया जाए, तो प्रत्येक भाग दीर्घ चाप होता है।
**(iv)** वृत्त की एक जीवा, जिसकी लम्बाई त्रिज्या से दो गुनी हो, वृत्त का व्यास है।
**(v)** त्रिज्यखंड, जीवा एवं संगत चाप के बीच का क्षेत्र होता है।
**(vi)** वृत्त एक समतल आकृति है।

**उत्तर 2:**
**(i)** केंद्र को वृत्त पर किसी बिंदु से मिलाने वाला रेखाखंड वृत्त की त्रिज्या होती है। **सत्य**

**(ii)** एक वृत्त में समान लंबाई की परिमित जीवाएँ होती हैं। **असत्य** क्योंकि वृत्त की जीवाएँ विभिन्न लंबाई की हो सकती हैं।

**(iii)** यदि एक वृत्त को तीन बराबर चापों में बाँट दिया जाए, तो प्रत्येक भाग दीर्घ चाप होता है। **असत्य** क्योंकि प्रत्येक चाप केंद्र पर $120°$ का कोण बनाएगा। अतः यह लघु चाप बनाएगा।

**(iv)** वृत्त की एक जीवा, जिसकी लम्बाई त्रिज्या से दो गुनी हो, वृत्त का व्यास है। **सत्य**

**(v)** त्रिज्यखंड, जीवा एवं संगत चाप के बीच का क्षेत्र होता है। **असत्य** क्योंकि त्रिज्यखंड, जीवा एवं संगत त्रिज्या के बीच का क्षेत्र होता है।

**(vi)** वृत्त एक समतल आकृति है। **सत्य**